प्रेस नोट

दिनांक 24.08.2024

थाना समाधान दिवस-

आज दिनांक 24.08.2024 को जनपद हमीरपुर के थाना **बिवांर** व थाना **मझगवां में "थाना समाधान दिवस"** के अवसर पर अपर जिलाधिकारी हमीरपुर व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया गया व शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया तथा जमीनी विवादों को पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी राठ, प्रभारी निरीक्षक थाना विबांर व थाना मझगवां व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहें।